indus TOWERS

May 21, 2025

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai - 400001

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, C-1, Block – G, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai - 400051

**Ref.: Indus Towers Limited (534816 / INDUSTOWER)**

**Sub.: Newspaper publication of Notice for transferring Equity Shares of the Company to the Demat Account of Investor Education and Protection Fund Authority ('IEPFA')**

Dear Sir/ Ma'am,

Pursuant to the provisions of Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of the newspaper publications published in Mint (English) and Hindustan (Hindi) today i.e., May 21, 2025, for the attention of Shareholders of the Company regarding transfer of Equity Shares of the Company, in respect of which dividend remains unpaid/ unclaimed for a period of seven consecutive years or more, to the Demat Account of IEPFA in accordance with the requirements of Section 124(6) of Companies Act, 2013 read with Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016.

This is for your kind information and records.

Thank you,

Yours faithfully,

For **Indus Towers Limited**

SAMRIDHI RODHE
Digitally signed by SAMRIDHI RODHE
Date: 2025.05.21 17:13:40 +05'30'

**Samridhi Rodhe**
**Company Secretary & Compliance Officer**

***Encl.: As above***

**New Okhla Industrial Development Authority**
Administrative Building, Sector-6, Noida, G.B. Nagar (U.P.)
Website : www.noidaauthorityonline.in

## E-TENDERS NOTICE

E-Tender are invited from firms/contractors registered with UPLC Lucknow for the following jobs against which bids can be uploaded and same shall be opened/downloaded as per schedule mentioned. The details and conditions of all tenders are available on NOIDA Authority's official website: **www.noidaauthorityonline.com** & **https://etender.up.nic.in**. Please ensure to see these websites for any changes/ amendments & corrigendum etc.

**(A)**

1. **01/S.M.-Jal-III/E.T./2025-26**, Strengthening of Sewerage (P/L Rising Main Sewer line from Sumpwell to STP Sector-50), Noida. Cost Rs. 678.24 Lac
2. **07/S.M.-Jal-III/E.T./2025-26**, D/o Village (Relaying, Old Chocked & Damaged Water Lines in Village- Sultanpur), Noida. Cost Rs. 190.72 Lac
3. **02/S.M.-(Gangajal)/E.T./2025-26**, Strengthening of Gangajal (Two Year repairing of GRP Water line Network of Noida Area), Noida. Cost Rs. 191.63 Lac
4. **04/S.M.-(Gangajal)/E.T./2025-26**, Strengthening of G.Jal (Providing & Laying 200 mm dia D.I. G.Jal line from 80 Cusec Area G.Jal UGR (A-8) Sector-132 to Jal Division UGR/OHT Sector-135), Noida. Cost Rs. 194.13 Lac
5. **05/S.M.-(Gangajal)/E.T./2025-26**, Strengthening of G.Jal (P&L 350 mm dia MS & 200 mm dia D.I. G.Jal Water Line from M1 UGR Sector-118 to Jal Div. UGR Sector-119 & 120), Noida. Cost Rs. 126.16 Lac

**Which can be uploaded by date:- 04.06.2025 upto 5.00 PM. Pre-qualification shall be opened/downloaded on date:- 05.06.2025 at 11.00 AM.**

**(B)**

1. **20/S.M.(JAL-O.A.)/2024-25**, M/o of Sewer line and MSPS/SPS at Expressway (Providing and Laying Trenchless near Sec.-125 and Sec.-127 (Shani Temple) due to non-functional of Deep sewer line in RHS side along Noida Gr. Noida Expressway), Noida. Cost Rs. 175.21 Lac

**Which can be uploaded by date:-27.05.2025 upto 5.00 PM. Pre-qualification shall be opened/downloaded on date: 28.05.2025 at 11.00 AM.**

**General Manager (Jal)**
**NOIDA**
**Office: Sector-5**

**CLEAN, GREEN, SAFE & SECURE NOIDA**

indus TOWERS

## INDUS TOWERS LIMITED

**CIN:** L64201HR2006PLC073821
**Regd. Office:** Building No. 10, Tower A, 4th Floor, DLF Cyber City, Gurugram-122002, Haryana
**Tel:** +91-124-4296766, **Fax:** +91-124-4289333
**Email id:** compliance.officer@industowers.com **Website:** www.industowers.com

**NOTICE**

**Transfer of equity shares of Indus Towers Limited to Investor Education and Protection Fund ("IEPF")**

This Notice is published pursuant to the provisions of Companies Act, 2013 ('Act') read with Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 ('Rules'). The Act and the Rules provide for the mandatory transfer of equity shares, in respect of which dividend remains unpaid/ unclaimed for a period of seven consecutive years or more, to IEPF.

Adhering to the aforesaid requirements, the Company has communicated individually to such Shareholders whose dividends remain unpaid/ unclaimed for seven consecutive years commencing from the date of declaration of divided for the financial year 2017-2018 (Final Dividend 2017-18) requesting them to claim the same on or before **Saturday, August 23, 2025,** by following the procedure laid down in the correspondence sent to them on **Tuesday, May 20, 2025.**

In the interest of the Shareholders, e-mail communication has also been sent to those Shareholders whose e-mail ids are registered with the Company. The Shareholders who do not have their email ids registered may note that the requisite details of such shares which are liable to be transferred to IEPF along with the procedure for claiming the same, is uploaded on the website of the Company as stated hereunder. In the absence of receipt of a valid claim by the Shareholders within the mentioned timeframe, the Company will transfer the said shares to IEPF.

Further, the Shareholders holding equity shares in physical form and whose shares are liable to be transferred to IEPF may please note that the Company would be issuing new Share Certificate(s) in lieu of the original Certificate(s) held by them for the purpose of conversion into DEMAT form and subsequent transfer in the DEMAT accounts opened by the IEPF Authority with NSDL and CDSL. Upon such issue, the original Share Certificate(s) which are registered in their name will stand automatically cancelled and be deemed non-negotiable. In case of such Shareholders, holding shares in DEMAT form, the transfer of shares to DEMAT account of the IEPF Authority as indicated hereinabove shall be effected by the Company through the respective depository by way of corporate action.

The Shareholders may note that the Company has uploaded the updated list of details of such shareholders whose equity shares are liable to be transferred to IEPF on its website at www.industowers.com. The Shareholders may further note that the details uploaded by the Company on its website are treated as notice in respect of issue of the duplicate Share Certificate(s) by the Company for the purpose of transfer of shares to IEPF pursuant to the Rules.

Further dividend/ benefit, if any, in respect of equity shares so transferred shall also be credited to IEPF. No claim shall lie against the Company in respect of the dividend and the shares transferred to IEPF. On transfer of the dividend and shares to IEPF, the Shareholders may claim the same by making an application to IEPF Authority in Form IEPF-5, as per the Rules. The said form is available on the Company's website and on the website of IEPF at www.iepf.gov.in.


In view of the above, the concerned Shareholders are once again requested to claim their unclaimed dividends before **Saturday, August 23, 2025** by submitting written application along with a self-attested copy of PAN card, copy of cancelled cheque, self-attested copy of address proof and the original uncashed dividend warrant (if any) or a duly executed indemnity bond (available on the website of RTA and the Company) failing which the Company shall, in adherence to the requirements of the Act and the Rules, transfer the shares on which dividend remains unpaid/ unclaimed for seven consecutive years to the IEPF Authority in accordance with applicable provisions without any further notice.

In case the Shareholders have any queries, they may contact the Company's Registrar and Share Transfer Agent, KFin Technologies Limited, at their address Selenium Building, Tower B, Plot 31-32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Hyderabad 500032. Ph. No.: +91-40-67161736 Toll Free No.: 1800-3094-001. Email id: einward.ris@kfinfech.com. Website: www.kfintech.com.

For **Indus Towers Limited**
Sd/-
**Samridhi Rodhe**
**Company Secretary & Compliance Officer**

Place: Gurugram
Date: May 20, 2025




**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा–1 (पी–2), ग्रेटर नौएडा,
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक: वाई.ई.ए. / भूलेख / 1368 / 2025 दिनांक 19.05.2025

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। क्रय हेतु काश्तकार, गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में अंकित है–

**ग्राम दयौरार, सैक्टर–08डी.**

| क्रमांक | ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का कुल क्षे0 (हे0 में) | खातेदार का नाम व पता | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा (हे0 में) | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दयौरार (सै0–08डी.) | 89 | 60/1 | 1.0930 | श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी महीपाल सिंह नि0 गेझा तिलपताबाद, सैक्टर–93, नौएडा | 0.4372 | 0.4372 |
| 2 | दयौरार (सै0–08डी.) | 294 | 99 | 1.4450 | श्री देवेन्द्र कुमार व रविन्द्र कुमार चौहान व जितेन्द्र चौहान व विमला देवी पुत्र व पत्नी स्व0 चन्द्रपाल नि0 ग्राम झट्टा, तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर | 0.0985 | 0.0985 |
| 3 | दयौरार (सै0–08डी.) | 294 | 99 | 1.4450 | श्री विजयपाल पुत्र रामचन्द्र नि0 ग्राम झट्टा, तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर | 0.0985 | 0.0985 |
| 4 | दयौरार (सै0–08डी.) | 294 | 99 | 1.4450 | श्री बाबूराम पुत्र रामचन्द्र नि0 ग्राम झट्टा, तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर | 0.0985 | 0.0985 |
| 5 | दयौरार (सै0–08डी.) | 294 | 99 | 1.4450 | श्री लक्ष्मन पुत्र टीका सिंह नि0 ग्राम रबूपुरा, तहसील जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर | 0.1863 | 0.1863 |
| 6 | दयौरार (सै0–08डी.) | 255 | 17/1 | 2.5420 | श्री विजेन्द्र सिंह पुत्र कुन्दन सिंह नि0 ग्राम दयौरार, तहसील जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर | 0.5084 | 0.5084 |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिन के अन्दर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**विशेष कार्याधिकारी**
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लॉन के अतिरिक्त प्लॉटिंग / हाउसिंग / कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीदफरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।**



## इसमें अधिक कंपनियों को शामिल करने का प्रस्ताव

# तैयारी : पीएम इंटर्नशिप योजना का दायरा बढ़ेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का दायरा बढ़ाने की तैयारी कर रही है। अब तक इस योजना में देश की शीर्ष- 500 कंपनियां शामिल हैं लेकिन अब सरकार उन सभी कंपनियों को इसमें शामिल करने की योजना बना रही है, कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत काम करती हैं। इससे अधिक युवाओं को इंटर्नशिप का मौका मिलेगा।

इसके लिए मंत्रालय कैबिनेट के लिए प्रस्ताव तैयार कर रहा है। सीएसआर पोर्टल के अनुसार, वर्ष 2022-23 में 24,392 कंपनियां कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व संबंधी कार्यों में लगी हुई थीं। इस योजना के तहत शुरू किए गए परीक्षण कार्यक्रम में पिछले तीन वर्षों के औसत सीएसआर व्यय के आधार पर भाग लेने के लिए शीर्ष 500 कंपनियां ही पात्र हैं।

ये कंपनियां योजना में शामिल होने के लिए ग्राहकों और विक्रेताओं के साथ गठजोड़ भी कर सकती हैं। फिलहाल सरकार ने इस योजना को स्वैच्छिक बनाया है यानी कंपनियां अपनी स्वेच्छा से इस योजना को अपना सकती हैं। अन्य कंपनियों को इस परियोजना में भागीदार बनने के लिए कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से अनुमति लेना आवश्यक है।



**28** हजार से अधिक विद्यार्थियों ने इंटर्नशिप के प्रस्ताव स्वीकार किए हैं अब तक

### आयुसीमा में छूट संभव

इसके साथ ही इस योजना में शामिल होने की उम्र सीमा को भी कम किया जा सकता है। अभी यह योजना 21 से 24 साल के युवाओं के लिए है, लेकिन अब औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) और पॉलिटेक्निक से पास होने वाले युवाओं को भी मौका दिया जाएगा। इससे ज्यादा से ज्यादा युवाओं को कौशल विकास का फायदा मिलेगा। योजना के दूसरे चरण के लिए आवेदन अप्रैल 2025 तक मांगे गए थे।

### क्या है यह योजना

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य छात्रों को कंपनियों में प्रशिक्षण (इंटर्नशिप) के अवसर देना है ताकि वे पढ़ाई के साथ-साथ काम का अनुभव भी हासिल कर सकें। इससे उन्हें भविष्य में नौकरी पाने में आसानी होगी। योजना को अभी तक पायलट प्रोजेक्ट (प्रयोग के तौर पर) के रूप में लागू किया गया है। पहले चरण में 1.27 लाख और दूसरे चरण में 1.15 लाख इंटर्नशिप के प्रस्ताव दिए गए।


**योजना के खास फायदे**

- छात्रों को पढ़ाई के साथ कामकाज का अनुभव मिलता है।
- हर महीने ₹5,000 की स्टाइपेंड मिलता है।
- एकमुश्त ₹6,000 की वित्तीय सहायता मिलती है।
- जीवन बीमा एवं दुर्घटना बीमा का कवरेज मिलता है।
- कुछ कंपनियां अतिरिक्त बीमा भी देती हैं।

# बिकवाली से सेंसेक्स 873 अंक टूटा

**मुंबई, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 873 अंक का गोता लगा गया। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में गिरावट से बाजार नुकसान में रहा।

सेंसेक्स 872.98 अंक लुढ़क कर 81,186.44 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 905.72 अंक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 27 नुकसान में जबकि तीन लाभ में रहे। निफ्टी भी 261.55 अंक की गिरावट के साथ 24,683.90 अंक पर बंद हुआ।



- बीएसई में 2,531 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,438 लाभ में रहे

विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों ने मुनाफावसूली का विकल्प चुना।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) में सबसे अधिक 4.10 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, नेस्ले, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एशियन पेंट्स भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। एचडीएफसी बैंक में 1.26 प्रतिशत और सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.13 प्रतिशत की गिरावट आई। दूसरी तरफ टाटा स्टील, इन्फोसिस और आईटीसी के शेयर लाभ के साथ बंद हुए।

जानकारों ने कहा, प्रमुख सकारात्मक संकेतकों के अभाव और अमेरिकी राजकोषीय स्थिरता पर मौजूदा अनिश्चितता के साथ, निवेशकों ने मुनाफावसूली का विकल्प चुना और सतर्क रुख अपनाया।

## बाजार 30s

### शेयर बाजार

| सेंसेक्स | | |
|---|---|---|
| **81186 -872.98** | | |
| **टॉप गेनर** | | |
| कंपनी | बंद भाव | बदलाव% |
| टाटा स्टील | 158.65 | 0.73 |
| इंफोसिस | 1560.40 | 0.08 |
| **टॉप लूजर** | | |
| एटर्नल | 228.25 | -4.10 |
| मारुति | 12645.70 | -2.64 |

| निफ्टी | | |
|---|---|---|
| **24683 -261.55** | | |
| **टॉप गेनर** | | |
| कंपनी | बंद भाव | बदलाव% |
| कोल इंडिया | 408.95 | 1.55 |
| टाटा स्टील | 159.59 | 1.28 |
| **टॉप लूजर** | | |
| एटर्नल | 228.00 | -4.21 |
| हीरोमोटो | 4249.00 | -3.16 |

### कमोडिटी

| | भाव | बदलाव |
|---|---|---|
| सोना | 96,540 | -490 |
| चांदी | 97,500 | -1000 |

**करेंसी**
डॉलर/रुपया
**85.58 -0.16**

# सोना 490 रुपये लुढ़का, चांदी ₹1,000 फिसली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमजोर मांग के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 490 रुपये की गिरावट के साथ 96,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई।

मंगलवार को चांदी 1,000 रुपये गिरकर 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 450 रुपये की गिरावट के साथ 96,130 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। इससे पहले के कारोबारी सत्र में यह 96,580 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। जानकारों ने कहा, मंगलवार को सोने में मामूली गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका-चीन व्यापार युद्धविराम के बारे में जारी आशावाद, साथ ही रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम की उम्मीदें, सकारात्मक जोखिम भावना को बढ़ा रही हैं।

- रूस-यूक्रेन में संघर्ष विराम की उम्मीद से सोने की मांग कमजोर हुई

# 'दाइची ₹11,800 करोड़ का हर्जाना दे'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मलेशिया की आईएचएच हेल्थकेयर ने जापान की दाइची सैंक्यो से 200 अरब येन (11,800 करोड़ रुपये) का हर्जाना मांगा है। भारतीय अस्पताल संचालक फोर्टिस के नियंत्रण के लिए आईएचएच की बोली को रोकने का आरोप लगाते हुए यह हर्जाना मांगा गया है।

आईएचएच की तोक्यो स्थित अप्रत्यक्ष सहायक कंपनी नॉर्दर्न टीके वेंचर्स ने दाइची सैंक्यो के खिलाफ जारी हर्जाने की मांग में संशोधन करने के लिए तोक्यो जिला न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। एनटीके ने अक्टूबर, 2023 में एक दावा दायर किया था।

## जेनसोल की जांच पांच माह में पूरी होगी

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय का लक्ष्य संकटग्रस्त जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड और करीब 18 अन्य संबंधित कंपनियों की जांच अगले तीन से पांच महीने में पूरी करना है। वहीं राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण की प्रमुख रवनीत कौर ने बताया कि सेबी के संदर्भ के बाद एनएफआरए जेनसोल इंजीनियरिंग की प्रारंभिक जांच कर रहा है।

## पांच साल बाद भी टेस्ला का सीईओ रहूंगा: मस्क

**दुबई।** अरबपति एलन मस्क ने मंगलवार को कहा कि वह पांच साल बाद भी अपनी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बने रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मस्क ने यहां ब्लूमबर्ग की तरफ से आयोजित 'कतर आर्थिक मंच' में पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह बात कही। मस्क वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये इसका हिस्सा बने थे।

## विनियमन-स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन जरूरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए विनियमन और स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन पर जोर दिया है। मंगलवार को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के 16वें वार्षिक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने निर्बाध मंजूरी की सुविधा प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विनियामक ढांचे कठोर निगरानी बनाए रखते हुए तेज और निर्बाध मंजूरी की सुविधा प्रदान करें, जिससे प्रतिस्पर्धा को भी कोई नुकसान न पहुंचे।

## सरकार ने गुणवत्ता आदेश की समयसीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को कुछ बिजली उपकरणों पर अनिवार्य गुणवत्ता नियंत्रण आदेश को लागू करने की समयसीमा एक साल बढ़ाकर मार्च, 2026 कर दी है। क्यूसीओ घरेलू तथा वाणिज्यिक सहित ज्यादातर बिजली उपकरणों पर लागू होगा। डीपीआईआईटी)ने कहा कि यह आदेश उन बिजली उपकरणों पर लागू नहीं होगा, जो किसी अन्य क्यूसीओ के दायरे में आते हैं।

## रुपया 16 पैसे टूटकर 85.58 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** घरेलू बाजारों में कमजोर रुख के बीच रुपया मंगलवार को 16 पैसे टूटकर 85 .58 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड प्रतिफल में हालिया उछाल राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों पर बढ़ती चिंताओं को दर्शाता है, जिससे कर्ज की लागत बढ़ रही है।

# उपग्रह संचार नेटवर्क की तेज शुरुआत होने की आस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि भारत में उपग्रह संचार नेटवर्क की सबसे तेज शुरुआत होने जा रही है और 2028 तक इसका बाजार करीब दस गुना बढ़कर 20 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार नियामक ट्राई ने उपग्रह संचार स्पेक्ट्रम के मानदंडों पर अपने विचार दिए हैं और अब सरकार को सिफारिशों की समीक्षा करनी है और नीति को आगे बढ़ाना है।

उन्होंने कहा, हम इस नीति को जल्द-से-जल्द आगे बढ़ाने के लिए बहुत उत्सुक हैं, ताकि अब वे (ट्राई) अपना काम पूरा कर लें, इसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हमारी है। सिंधिया ने कहा कि उपग्रह प्रौद्योगिकी मौजूदा दूरसंचार सेवाओं की पूरक है।

उन्होंने ट्राई द्वारा आयोजित विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ट्राई ने उपग्रह संचार स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक आवंटन के लिए नियम बनाये हैं और कई इकाइयों ने लाइसेंस लिया है।

सिंधिया ने कहा, उपग्रह नेटवर्क का बाजार मौजूदा 2.3 अरब डॉलर से बढ़कर 2028 तक लगभग 20 अरब डॉलर हो जाने का अनुमान है। हम तीन वर्षों में लगभग दस गुना वृद्धि की बात कर रहे हैं...ये ऐसी वृद्धि दर है जो शायद आप दुनिया में कहीं और नहीं देखेंगे।



नीति को जल्द आगे बढ़ाने के लिए बहुत उत्सुक

## यूपीएस कैलकुलेटर को जारी किया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्तीय सेवा विभाग ने मंगलवार को कहा कि सरकारी कर्मचारी यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) कैलकुलेटर का उपयोग कर अपने पेंशन अनुमान की गणना कर सकते हैं।

वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, एनपीएस ट्रस्ट ने एकीकृत पेंशन योजना कैलकुलेटर पेश किया है। यह कैलकुलेटर एनपीएस (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) और यूपीएस दोनों अंशधारकों को पेंशन अनुमान प्रदान करता है।

# वैभव तनेजा सबसे महंगे सीएफओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मूल के टेस्ला के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) वैभव तनेजा ने 2024 में रिकॉर्ड तोड़ 13.95 करोड़ डॉलर (लगभग 1,170 करोड़ रुपये) की कमाई की, जिससे वे दुनिया के सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीएफओ बन गए। उनकी यह कमाई गूगल के सीईओ सुंदर पिचई और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला की कमाई से भी अधिक है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में सत्या नडेला की कमाई 7.91 करोड़ डॉलर (लगभग 664 करोड़ रुपये) थी, जबकि सुंदर पिचाई ने 1.73 करोड़ डॉलर (लगभग 90 करोड़ रुपये) कमाए।

### भारत में टेस्ला के विस्तार में निभा रहे अहम भूमिका



47 वर्षीय वैभव तनेजा ने 2023 में टेस्ला के सीएफओ का पद संभाला था। वह 2017 में टेस्ला से जुड़े थे, उससे पहले वे सोलरसिटी नामक सौर ऊर्जा कंपनी में काम करते थे, जिसे टेस्ला ने 2016 में खरीद लिया था। वैभव ने डीयू से कॉमर्स में स्नातक की डिग्री ली है और वे चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। वैभव तनेजा टेस्ला की भारत में विस्तार योजना में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। जनवरी 2021 में उन्हें टेस्ला इंडिया मोटर्स एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर बनाया गया था।

**कमाई का आधार :** वैभव की इस कमाई का मुख्य आधार स्टॉक ऑप्शंस और इक्विटी अवॉर्ड्स हैं, जो उन्हें 2023 में सीएफओ बनने के बाद दिए गए थे। उनका मूल वेतन सिर्फ चार लाख डॉलर (लगभग 3.3 करोड़ रुपये) है लेकिन टेस्ला के शेयरों की कीमत बढ़ने से उनकी कमाई में भारी उछाल आया। 2024 में जब ये अवॉर्ड्स दिए गए, तब टेस्ला के शेयर 250 डॉलर के आसपास थे, जो 19 मई 2025 तक बढ़कर 342 डॉलर तक पहुंच गए। वेतन पैकेज की यह राशि चार साल में धीरे-धीरे मिलेगी।

## उद्योग को ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उद्योग जगत को उम्मीद है कि आरबीआई बहुत जल्द ब्याज दरों में कटौती करेगा। पीएचडीसीसीआई के महासचिव और सीईओ रंजीत मेहता ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की आर्थिक वृद्धि 6.5 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान है।

# आयकरदाताओं के लिए आईटीआर-यू फॉर्म जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर विभाग ने करदाताओं को प्रासंगिक आकलन वर्ष के अंत से चार साल के लिए अद्यतन रिटर्न दाखिल करने की अनुमति देने वाले आईटीआर-यू फॉर्म को अधिसूचित कर दिया है।

वित्त अधिनियम, 2025 ने प्रासंगिक आकलन वर्ष के अंत से अद्यतन रिटर्न (आईटीआर-यू) फॉर्म दाखिल करने की समयसीमा को 24 महीने से बढ़ाकर 48 महीने कर दिया था। उसी प्रावधान के अनुरूप यह बदलाव किया गया है।

- चार साल की अद्यतन रिटर्न दाखिल कर सकेंगे करदाता

आकलन वर्ष के अंत से 12 और 24 महीने के भीतर दाखिल आईटीआर-यू फॉर्म के लिए क्रमशः 25 और 50% अतिरिक्त कर का भुगतान करना होगा। वहीं, 36 और 48 महीने के भीतर दाखिल किए गए आईटीआर-यू के लिए करदाता को क्रमशः 60 और 70% अतिरिक्त कर का भुगतान करना होगा।

## बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कच्चे तेल, रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक के उत्पादन में गिरावट आने से अप्रैल में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर आठ माह के निचले स्तर 0.5 प्रतिशत पर आ गई।

एक साल पहले की समान अवधि में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। वहीं मार्च, 2025 में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 4.6 प्रतिशत बढ़ा था।

प्रमुख बुनियादी उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, रिफाइनरी उत्पाद, प्राकृतिक गैस, इस्पात, सीमेंट, बिजली और उर्वरक शामिल हैं। इन उद्योगों का देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का भारांश है।

आंकड़ों के मुताबिक समीक्षाधीन महीने में कच्चे तेल, रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक क्षेत्रों के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई है।

## एयरटेल और गूगल वन में साझेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयरटेल ने अपने ग्राहकों को गूगल वन क्लाउड की स्टोरेज सेवा देने के लिए साझेदारी की घोषणा की। इसके तहत एयरटेल के सभी पोस्टपेड और वाई-फाई ग्राहकों को बिना किसी अतिरिक्त लागत के छह महीने के लिए 100 जीबी गूगल वन क्लाउड स्टोरेज तक पहुंच मिलेगी।

हालांकि, छह महीने के बाद ग्राहक के मासिक बिल में 125 रुपये प्रति माह का शुल्क जुड़ने लगेगा। लेकिन अगर कोई ग्राहक सदस्यता जारी नहीं रखना चाहे तो वह गूगल वन की सुविधा से अलग हो सकता है। इससे ग्राहक अपने डेटा का बैकअप ले सकेंगे और क्लाउड स्टोरेज की सुविधा का आनंद उठा सकेंगे।

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड
IREL (India) Limited
(भारत सरकार का उपक्रम-परमाणु ऊर्जा विभाग)
रेयर अर्थ डिवीजन, केरल
टेलीफ़ोन: 0484-2545064
एक्सटेंशन 211/259
ईमेल: hrm-red@irel.co.in
एक आईएसओ 9001, 14001 एवं 45001 कंपनी

**प्रशिक्षुओं की नियुक्ति**

रेयर अर्थ डिवीजन, उद्योगमंडल, जिला एर्नाकुलम, केरल - 683 501 में प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 के अंतर्गत प्रशिक्षुओं की नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

अंतिम तिथि **31/05/2025** है। अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.irel.co.in** के **'Careers'** पेज पर जाएं।

हस्ता0/-
जीएम एवं प्रमुख, आरईडी
सीबीसी 48145/12/0002/2526

**इंडस टावर्स लिमिटेड**
indus TOWERS
सी.आई.एन.: L64201HR2006PLC073821
**पंजी. कार्यालय:** बिल्डिंग नं. 10, टॉवर ए, चतुर्थ तल, डीएलएफ साइबर सिटी, गुरूग्राम-122002, हरियाणा
**दूरभाष:** +91-124-4296766, फैक्स: +91-124-4289333
**ई-मेल:** compliance.officer@industowers.com **वेबसाईट:** www.industowers.com

**सूचना**

**विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (''आईईपीएफ'') में इंडस टॉवर्स लिमिटेड के इक्विटी शेयरों का हस्तांतरण**

यह सूचना कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के साथ पठित विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, संपरीक्षा, अंतरण और प्रतिदाय) नियम, 2016 ('नियम') के प्रावधानों के अनुपालन में प्रकाशित की गई है। अधिनियम व नियम के अनुसार उन इक्विटी शेयरों का आईईपीएफ में हस्तांतरण अनिवार्य है, जिनमें लाभांश लगातार सात साल या उससे अधिक की अवधि में भुगतान या चुकता नहीं किया गया है।

उपरोक्त आवश्यकताओं का पालन करते हुए, कंपनी ऐसे शेयरधारकों को व्यक्तिगत रूप से **मंगलवार, मई 20, 2025** को नोटिस भेज चुकी है, जिनका लाभांश वित्तीय वर्ष 2017-2018 (अंतिम लाभांश 2017-2018) से विभाजन की घोषणा शुरू होने वाले लगातार सात वर्षों तक बकाया हैं/दावा नहीं किया गया है। हम उनसे कंपनी द्वारा भेजे जा रहे पत्राचार में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए **शनिवार, अगस्त 23, 2025** तक उसका दावा करने का अनुरोध करते हैं।

शेयरधारकों के हित में कंपनी ने, जिन शेयरधारकों के ई-मेल आईडी कंपनी के साथ पंजीकृत हैं, उन्हें ई-मेल भेजा है व जिन शेयरधारकों के ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं है, कृपया ध्यान दें कि प्रक्रिया सहित आईईपीएफ में हस्तांतरित होने योग्य इस तरह के शेयरों का अपेक्षित विवरण यहां वर्णित अनुसार कंपनी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। उक्त वर्णित समय सीमा के भीतर शेयरधारकों द्वारा वैध दावे की प्राप्ति के अभाव में, कंपनी उक्त शेयरों को आईईपीएफ में हस्तांतरित कर देगी।

इसके अलावा, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक और जिनके शेयर आईईपीएफ में हस्तांतरित होने योग्य हैं, कृपया ध्यान दें कि कंपनी अभौतिक रूप में हस्तांतरण के लिए उनके द्वारा रखे गए मूल प्रमाण पत्र के बदले में नए शेयर प्रमाणपत्र जारी करेगी और बाद में एनएसडीएल व सीडीएसएल के साथ प्राधिकृत आईईपीएफ द्वारा खोले गए डीमैट खातों में हस्तांतरित करेगी। ऐसे मामले में उनके नाम पर पंजीकृत मूल शेयर प्रमाणपत्र (ओं) स्वयं रद्द हो जाएंगे और गैर-परिवर्तनीय माने जाएंगे। डीमैट फॉर्म में शेयर रखने वाले ऐसे शेयरधारक, ऊपर वर्णित अनुसार आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में शेयरों का हस्तांतरण निगमित कार्यवाही द्वारा संबंधित डिपॉजिटरी के माध्यम कंपनी द्वारा प्रभावित किए जाएंगे।

शेयरधारक ध्यान दें कि कंपनी ने आईईपीएफ में हस्तांतरित करने योग्य इक्विटी शेयरों की अपडेटेड सूची www.industowers.com वेबसाइट पर अपलोड की है। इसके अतिरिक्त शेयरधारक ध्यान दें कि कंपनी द्वारा अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए गए विवरण को नियमों के अनुपालन में, आईईपीएफ में शेयरों के हस्तांतरण के लिए कंपनी द्वारा डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र (ओं) जारी करने के संबंध में सूचना के रूप में माना जाये।

हस्तांतरित इक्विटी शेयरों के संबंध में अन्य लाभांश/लाभ, यदि कोई हो, तो भी आईईपीएफ में क्रेडिट किया जाएगा। आईईपीएफ में हस्तांतरित शेयरों के संबंध में कोई दावा और लाभांश कंपनी के विरूद्ध नहीं होगा। आईईपीएफ में लाभांश और शेयरों के हस्तांतरण पर, शेयरधारक नियमों के अनुसार, फॉर्म आईईपीएफ-5 में आईईपीएफ प्राधिकरण को एक आवेदन करके दावा कर सकते हैं। उक्त फॉर्म कंपनी की वेबसाइट और आईईपीएफ की वेबसाइट www.iepf.gov.in पर उपलब्ध है।

उपरोक्त के मद्देनजर, संबंधित शेयरधारकों से एक बार फिर से, इस सूचना की प्राप्ति पर अपने लाभांश पर **शनिवार, अगस्त 23, 2025** तक दावा करने का अनुरोध है। उन्हें पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति, रद्द किए गए चेक की प्रति, पता प्रमाण की मूल प्रति और मूल गैर नकद लाभांश वारंट (यदि कोई हो) या विधिवत निष्पादित रूप से दायर क्षतिपूर्ति बोंड (आरटीए और कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध) के सहित लिखित आवेदन जमा करना होगा। असफल होने पर कंपनी अधिनियम और नियमों की आवश्यकताओं के अनुपालन में उन शेयरों को बिना किसी अतिरिक्त सूचना के, आईईपीएफ में हस्तांतरित कर देगी।

किसी भी पूछताछ के मामले में, शेयरधारक कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, सेलिनियम बिल्डिंग, टॉवर बी प्लॉट 31-32, गच्चीबावली, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद-50032, फोन नं. +91-40-67161736 टॉल फ्री नं. 1800-3094-001 ई-मेल आईडी: einward.ris@kfintech.com वेबसाइट www.kfintech.com पर संपर्क कर सकते हैं।

**इंडस टॉवर्स लिमिटेड** कृते
हस्ता./-
**समृद्धि रोढ़े**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

स्थान: गुरूग्राम
दिनांक: मई 20, 2025

**एचटी मीडिया लिमिटेड**
**CIN: L22121DL2002PLC117874**
**पंजीकृत कार्यालय:** हिन्दुस्तान टाइम्स हाउस, द्वितीय तल, 18-20, कस्तूरबा गाँधी मार्ग, नई दिल्ली-110001, भारत
**फोन:** +91 11 66561608 **फैक्स:** +91 11 66561445
**ई-मेल:** corporatedept@hindustantimes.com, **वेबसाइट:** www.htmedia.in

**(भा. रु. लाख में सिवाय आमदनी प्रति शेयर आँकड़ा एवं अनुपात)**

**31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का संक्षेप**

| विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31 मार्च, 2025 लेखापरीक्षित** | 31 दिसंबर, 2024 अलेखापरीक्षित | 31 मार्च, 2024* लेखापरीक्षित** | 31 मार्च, 2025 लेखापरीक्षित | 31 मार्च, 2024* लेखापरीक्षित |
| परिचालन से राजस्व | 51,357 | 48,980 | 46,441 | 1,80,563 | 1,69,472 |
| असाधारण मदों और कर से पहले लाभ/(हानि) | 6,059 | 639 | 1,384 | 2,125 | (7,814) |
| कर से पहले की अवधि के लिए लाभ/(हानि)(असाधारण मदों के बाद) | 5,478 | 639 | (1,691) | 1,544 | (14,047) |
| कर के बाद की अवधि के लिए लाभ/(हानि) और गैर-नियंत्रित ब्याज | 5,136 | (324) | (31) | 1,420 | (9,138) |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय/(हानि) [जिसमें समाविष्ट कर के बाद की अवधि के लिए लाभ/(हानि), गैर-नियंत्रित ब्याज और अन्य व्यापक आय(कर के बाद)] | 3,370 | (684) | (357) | (718) | (9,776) |
| चुकता इक्विटी शेयर पूंजी # (अंकित मूल्य - भा. रु. 2/- प्रति शेयर) | 4,655 | 4,655 | 4,655 | 4,655 | 4,655 |
| लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर अन्य इक्विटी | - | - | - | 1,62,003 | 1,66,791 |
| प्रतिभूति प्रीमियम खाता | 49,974 | 49,974 | 49,974 | 49,974 | 49,974 |
| निवल सम्पत्ति (कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार)(गैर-नियंत्रित ब्याज शामिल नहीं) | 1,66,227 | 1,65,415 | 1,69,121 | 1,66,227 | 1,69,121 |
| बकाया ऋण @ | 57,919 | 66,366 | 74,141 | 57,919 | 74,141 |
| ऋण इक्विटी अनुपात (गुणाफल में) | 0.28 | 0.33 | 0.36 | 0.28 | 0.36 |
| पूँजी मोचन आरक्षित | 2,045 | 2,045 | 2,045 | 2,045 | 2,045 |
| ऋण सर्विस कवरेज अनुपात (गुणाफल में) | 0.12 | 0.04 | 0.05 | 0.15 | (0.00) |
| ब्याज सर्विस कवरेज अनुपात (गुणाफल में) | 4.74 | 1.39 | 1.70 | 1.32 | (0.01) |
| आय/(हानि) प्रति शेयर (भा. रु. 2/- प्रत्येक का) | वार्षिकी नहीं | वार्षिकी नहीं | वार्षिकी नहीं | | |
| बेसिक | 1.77 | (0.26) | 0.05 | 0.08 | (3.48) |
| डायल्युटेड | 1.76 | (0.26) | 0.05 | 0.08 | (3.48) |
| # एचटी मीडिया इम्प्लाई वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा धारित इक्विटी शेयर शामिल | 29 | 29 | 29 | 29 | 29 |

*निम्न टिप्पणी 6 देखें।
**निम्न टिप्पणी 7 देखें।
@ बकाया ऋण में बकाया उधार (दीर्घकालिक उधार की वर्तमान परिपक्वताएं सहित) और गैर-वर्तमान उधार शामिल हैं।

**टिप्पणियां:**

1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमनावली, 2015, यथासंशोधित के विनियमन 33 और विनियमन 52(4) के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक संक्षेप है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों (www.bseindia.com और www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट "www.htmedia.in" पर उपलब्ध है।
2. एलओडीआर विनियमनावली के विनियमन 52(4) में संदर्भित अन्य लाइन आइटम के लिए, स्टॉक एक्सचेंजों (बीएसई और एनएसई) को प्रासंगिक प्रकटीकरण किए गए हैं और उन्हें स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों (www.bseindia.com और www.nseindia.com) पर देखा जा सकता है।
3. दि. 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए उपरोक्त समेकित वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और अनुशंसित किया गया तथा 20 मई, 2025 को सम्पन्न अपनी-अपनी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया। सांविधिक लेखा परीक्षकों ने यथासंशोधित, भारतीय प्रतिभूति तथा विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमनावली, 2015 के विनियमन 33 और विनियमन 52(4) के अनुसार उक्त परिणामों का लेखापरीक्षण किया गया तथा एक असंशोधित समीक्षा निष्कर्ष जारी किया गया है।
4. समेकित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों ('Ind AS') साथ में पठित समय-समय पर यथासंशोधित, कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियमावली के अनुसार तैयार किए गए हैं।
5. स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों पर अतिरिक्त जानकारी इस प्रकार है:– **(भा.रु. लाखों में)**

| विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31 मार्च, 2025 लेखापरीक्षित** | 31 दिसंबर, 2024 अलेखापरीक्षित | 31 मार्च, 2024* लेखापरीक्षित** | 31 मार्च, 2025 लेखापरीक्षित | 31 मार्च, 2024* लेखापरीक्षित |
| परिचालन से राजस्व | 30,190 | 28,570 | 26,345 | 1,03,562 | 94,942 |
| कर से पहले लाभ/(हानि) | (4,478) | 1,453 | (2,296) | (6,620) | (12,956) |
| कर के बाद लाभ/(हानि) | (4,796) | 657 | (1,944) | (6,468) | (10,772) |
| कुल व्यापक आय/(हानि) | (4,775) | 928 | (1,918) | (6,400) | (10,817) |

*निम्न टिप्पणी 6 देखें।
**निम्न टिप्पणी 7 देखें।

6. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230-232 के तहत समामेलन की समग्र योजना ("योजना") जो एचटी मोबाइल सॉल्यूशंस लिमिटेड (एचटीएमएसएल) ("ट्रांसफरर कंपनी") का एचटी मीडिया लिमिटेड (एचटीएमएल) ("कंपनी") के साथ विलय का प्रावधान करती है, को माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), नई दिल्ली बेंच ने 3 दिसंबर, 2024 के आदेश ("एनसीएलटी दिल्ली आदेश") के तहत मंजूरी दे दी है। योजना के अनुसार, 21 दिसंबर, 2024 को एनसीएलटी आदेश को रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, एनसीटी ऑफ दिल्ली के साथ दाखिल करने के परिणामस्वरूप, योजना 1 अप्रैल, 2020 की नियत तारीख से प्रभावी हो गई है।

   समामेलन की योजना के अनुसार लेनदेन आईएनडी एएस 103 "व्यावसायिक संयोजन" के तहत परिभाषित सामान्य नियंत्रण के तहत व्यवसाय अधिग्रहण की प्रकृति का है। तदनुसार, यह योजना 1 अप्रैल, 2023 अर्थात सामान्य नियंत्रण व्यवसाय संयोजन लेखांकन के अंतर्गत अधिग्रहण की तिथि से प्रभावी हो गयी। परिणामस्वरूप, तुलनात्मक अवधि (यानी, वित्त वर्ष 2023-24) से संबंधित संख्याओं को तदनुसार पुनः प्रस्तुत किया गया है।

   योजना के अनुसार, कंपनी 2 रुपये प्रति शेयर के अपने 24,835 इक्विटी शेयर ट्रांसफरर कंपनी के शेयरधारकों को जारी और आवंटित करेगी। कंपनी द्वारा इस तरह के आवंटन के लंबित रहने तक 2 रुपये प्रति शेयर के 24,835 शेयर (जिनकी कीमत 0.5 लाख रुपये है) को 1 अप्रैल, 2023 को जारी होने वाले शेयरों में शामिल किया गया है और अधिग्रहण तिथि के बाद प्रति शेयर आय की गणना के उद्देश्य से उन पर विचार किया गया है। इसके बाद, कंपनी ने 4 फरवरी, 2025 को 2 रुपये प्रति शेयर के 24,835 इक्विटी शेयर जारी और आवंटित किए हैं।

   उपरोक्त के परिणामस्वरूप, 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए गैर-नियंत्रित हित में 6 लाख रुपये की कमी आई है, साथ ही समूह में मालिकों की इक्विटी में भी इसी अनुपात में वृद्धि हुई है।
7. 31 मार्च, 2025 और 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही के आंकड़े वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और 31 दिसंबर, 2024 और 31 दिसंबर, 2023 तक, जो वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही का अंत है, जो सीमित समीक्षा के अधीन थे के वर्ष-दर-वर्ष के आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

नई दिल्ली
20 मई, 2025

शोभना भरतिया
अध्यक्ष एवं संपादकीय निदेशक